### एक नजर में

#### अर्चित मंगल ने सीए परीक्षा उत्तीर्ण की



**ब्यावरा 05 नवंबर, का.** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री ताराचंद मंगल के पौते एवं भाजपा नेता दिलिप मंगल के पुत्र अर्चित मंगल ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया संस्थान से सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है. छात्र अर्चित मंगल ने इस उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि से विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया है. छात्र प्रारंभ से ही प्रतिभाशाली रहे है. इस उपलब्धि पर स्टॉफ सदस्यों, इष्टमित्रों, शुभचिंतको एवं समाजबंधुओ ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया है.

#### सौरभ गुप्ता बने सीए



**खिलचीपुर 05 नवंबर, का.** नगर के प्रतिष्ठित टेंट व्यवसायी गिरिराज गुप्ता के सुपुत्र सौरभ गुप्ता ने सीए की परीक्षा उर्त्तीण की है. सौरभ, स्व मोतीलाल गुप्ता (हलवाई) के पौत्र है. सौरभ को ईष्ट मित्रों, समाज बंधुओं ने बधाई दी है.

#### ग्राम मऊ में ओंकार ध्वनि का ब्रह्म नाद कर प्रभात फेरी निकाली

**पडाना 05 नवंबर, सं.** देव दीपावली एवं श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक कार्तिक पूर्णिमा महत्वपूर्ण पर्व के अवसर समीप ग्राम मऊ में श्री बजरंग प्रभात फेरी के तत्वाधान में औंकार ध्वनि का ब्रह्म नाद एवं हरे कृष्णा हरे राम धूनी के साथ भजन कीर्तन करते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर से धार्मिक श्रद्धालु प्रवृत्ति के महिला एवं पुरुष के द्वारा विशेष प्रभात फेरी का आयोजन किया गया. जो नगर के हरिहर मोहल्ला, राम मंदिर चौक, नारायण मोहल्ला, ब्रिज चौराहा, होते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर पहुंची. जहां देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक जयंती के मौके पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया. इस अवसर पर चंदर सिंह सेठ, राम सिंह राजपूत, अमृतलाल, लालजी राम, मुकेश सिंह, विक्रम सिंह, कैलाश सिंह, राधेश्याम मेहताब सेठ, घनश्याम भिलाला, आत्माराम मालवीय, प्रेम साहब देवसिंह और लीला बाई, कृष्ण बाई, संपत बाई, शगुन बाई, जमुना बाई इत्यादि मातृ शक्ति उपस्थित रही.

#### काजीवाला बाग में छत से गिरे वृद्ध की मौत

**ब्यावरा 05 नवंबर, का.** स्थानीय काजीवाला बाग में मंगलवार की देर शाम को छत से गिरने के कारण एक व्यक्ति का प्राणांत होने की दु:खद घटना सामने आई है. सिटी थाना प्रभारी वीरेन्द्र धाकड के अनुसार काजीवाला बाग निवासी कमल शाक्यवार उम्र लगभग 60 वर्ष अपनी छत पर से नीचे गिर गये. जिन्हें परिजन सिविल अस्पताल लेकर गये जहां चिकित्सक द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है.


**Name Change Notice**

I Sameer mansuri S/o mahboob Khan village padana tahsil Sarangpur dist. Rajgarh (M.P.) I am changing my name from "sameer" to "sameer mansuri" for passport issuance . I shall be known as Sameer mansuri S/o mahboob khan in future for all purpose including all the officials documentations.


# दीपों से रोशन हुई कपिल मुनि की तपोस्थली

## शामिल हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भक्ति, संस्कृति, विकास का संगम बना गौरव दिवस महोत्सव

**हरि–हर मिलन का पर्व सनातन संस्कृति की आत्मा**

**हरि–हर मिलन, गंगा आरती में शामिल हुए लोग**



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 05 नवम्बर, का. कपिल मुनि की तपोभूमि कालीसिंध नदी के तट स्थित कपिलेश्वर धाम पर बैकुंठ चर्तुदर्शी के अवसर पर नगर गौरव दिवस महोत्सव का आयोजन धर्म, संस्कृति और आस्था के अद्भुत संगम के रूप में सम्पन्न हुआ.**

हरि–हर मिलन, गंगा आरती एवं दीपदान कार्यक्रम ने इस ऐतिहासिक भूमि को भक्ति और श्रद्धा से आलौकित कर दिया.

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास संसदीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. राज्यमंत्री गौतम टेटवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर के महानिर्माणि अखाड़ा के महंत श्री विनीत गिरी महाराज ने अपने आर्शीवचन में कहा कि हरि–हर मिलन का यह पर्व सनातन संस्कृति की आत्मा है. जहां शिव हैं, वहीं विष्णु हैं, यही एकता का शाश्वत संदेश है. उनके प्रेरक वचनों से श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए. समूचा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा. **दीपों की जगमगाहट के बीच गंगा आरती**– संध्या बेला में माँ कालीसिंध नदी तट पर हजारों दीपों की झिलमिलाहट के बीच गंगा आरती संपन्न हुई. शंखनाद, ढोल–नगाड़ों की गूंज और हर हर महादेव के जयघोष से समूचा वातावरण शिव–शक्ति और विष्णु भक्ति के रंग में रंग गया. जब आरती की लौ माँ कालीसिंध की धारा पर प्रतिबिंबित हुई तो दृश्य अलौकिक प्रतीत हुआ. **संस्कृति, लोक परंपरा का जीवंत प्रतीक**– राज्यमंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि सारंगपुर का यह आयोजन केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और लोक परंपरा का जीवंत प्रतीक है. हरि–हर मिलन समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देता है. उन्होंने मंत्री श्री विजयवर्गीय के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें भी रखी. जिनमें शीलनाथ जी के धुने पर घाट निर्माण व सौंदर्यीकरण, दशहरा मैदान की बाउंड्री, नवीन बस स्टैंड, दीनदयाल रसोई भवन, नपा कार्यालय भवन तथा कपिलेश्वर लोक निर्माण परियोजना शामिल है. **विकास कार्यो को प्राथमिकता**–मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि सारंगपुर जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगर की पहचान उसकी श्रद्धा, सेवा और संगठन भावना से है. प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और नगरों के सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है. सारंगपुर में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी. अतिथिद्वय ने कपिलेश्वर महादेव का पूजन–अर्चन एवं आरती की. इसके पश्चात भव्य आतिशबाजी ने आकाश को आलौकित कर दिया. दीपों से सजा कपिलेश्वर धाम श्रद्धा और भक्ति की ज्योति से जगमगाने लगा.

**सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक**

कपिल मुनि की पावन भूमि पर आयोजित यह पर्व शिव-विष्णु एकता के दैवीय संदेश के साथ भारतीय संस्कृति की गहराई को पुनः स्थापित करता है. यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बन गया है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण का भी प्रतीक बन चुका है. इस अवसर पर पूर्व विधायक कुंवर कोठार, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, उपाध्यक्ष श्रीमति भावना निलेश वर्मा, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, जनपद पंचायत अध्यक्ष देव नागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी उपस्थित रहे.

# अपहृत बालिका को 24 घंटे में इंदौर से ढूंढा

## नरसिंहगढ़ पुलिस की कार्यवाही, मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 05 नवंबर, सं. थाना पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका को अपराध पंजीबद्ध होने के 24 घंटे के भीतर इंदौर से दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया है. अपहृत नाबालिग बालक बालिकाओं की त्वरित दस्तयाबी हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा ऑपरेशन मुस्कान अभियान संचालित किया जा रहा है.**

पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी द्वारा इस अभियान में जिला पुलिस राजगढ़ को प्रभावी, संवेदनशील एवं तत्पर कार्रवाई कर अभियान को सफल बनाने हेतु सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं. मामला 03 नवंबर का है. फरियादी ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट की थी कि उसकी लगभग 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहलाफुसलाकर भगा ले गया है. रिपोर्ट पर से थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 619/25, धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई तथा त्वरित कार्रवाई हेतु एक पुलिस टीम गठित की गई. टीम द्वारा उपलब्ध साक्ष्यों एवं टेक्निकल डेटा एनालिसिस के आधार पर अपहृत बालिका को मात्र 24 घंटे के भीतर 04 नवंबर को इंदौर से दस्तयाब कर लिया गया. आरोपी शिवम पिता अनिल हाडा निवासी बामोरकला जिला शिवपुरी, हाल छापीहेड़ा जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया. प्रकरण में पीड़िता के कथनों के आधार पर धाराओं में इजाफा कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. कार्रवाई में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान, उप निरीक्षक गुंजा जमादार, प्रधान आरक्षक दीपक यादव, सुनील मीणा, धर्मेंद्र रघुवंशी, अंतिम सोलंकी, सायबर सेल राजगढ़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# भूतभावन भोलेनाथ को छप्पन भोग लगाए

## हर्षोल्लास से मनाया हरिहर मिलन समारोह



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 05 नवंबर, सं.** नगर के सुरम्य अतिप्राचीन सिद्ध स्थल श्री श्यामखो महादेव मंदिर पर मंगलवार को हरि–हर मिलन चतुर्दशी के अवसर पर छप्पन भोग अन्नकूट का आयोजन किया गया. हरि–हर मिलन उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया. इस दौरान सम्पूर्ण मंदिर परिसर में विशेष साज–सज्जा की गई. रंगीन आतिशबाजी की गई. भगवान शिव शंकर का आकर्षक श्रृंगार किया गया. फूल मालाओं से मंदिर को सजाया गया. सायंकाल 7 बजे भूत भावन भोलेनाथ को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया महाआरती पश्चात प्रसादी वितरित की गई. वहीं महाआरती प्रसादी वितरण के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया. इस दौरान आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन राजनैतिक दलों के पदाधिकारी जनप्रतिनिधिगण स्थानीय व्यवसाई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने दर्शन व प्रसादी ग्रहण कर पूण्य लाभ अर्जित किया. कार्यक्रम के आयोजन में मंदिर समिति का सराहनीय योगदान रहा. इसके एक दिन पूर्व सोमवार को मंदिर पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जिसका बुधवार दोपहर में हवन शांति कर समापन किया गया.

जानकारी में बताया कि तो है बाजार बरुखेड़ी गांव की सीमा के पास बना हुआ है जो वर्ष 2011–12 में 30 से 35 लाख की लागत से ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण करवाया गया था इसी प्रकार की हालत पड़ाना की है से जहां हाट बाजार बना हुआ है वहां दूरी अधिक है ऐसे में भाड़ा सामान लाने ले जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

## पाठेश्वर महादेव झिरी में कार्तिक पूर्णिमा पर हुआ भव्य मेले का आयोजन

**छापीहेड़ा 05 नवंबर, सं.** समीप पाठेश्वर महादेव मंदिर झिरी में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया गया. आज बुधवार की सुबह से ही पाठा तलाई में स्नान के लिए मेले में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है. जिसकी भव्यता और दिव्यता लगातार बढ़ती जा रही है. पाठेश्वर महादेव मंदिर किनारे स्थित पाठा तलाई में स्नान से आस्था के साथ उल्लास, उमंग व संस्कृति का संगम नजर आने लगा है. भगवान पाटेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन पूजन के लिए सुबह से ही लगना शुरू हो गई थी. मेला स्थल पर लगातार श्रद्धालुओं का सैलाब उमडा. हजारों की संख्या में श्रद्धालु मेला स्थल पर पहुँचे. पाठा तलाई में स्नान को लेकर वातावरण हर–हर गंगे और हर हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा है. बुधवार को मुख्य स्नान होने के कारण सुबह से दीपदान करने वालों की भीड़ उमड़ने लगी. मेले में विभिन्न प्रकार की दुकान पर जरूरी सामान एवं बच्चों से संबंधित सामग्री की खरीदारी की गई. वही खाद्य सामग्री की दुकान भी अधिक है मान्यता है कि इस मेले में अधिकतर जलेबी की बिक्री ज्यादा होती है. मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले आदि भी आए हैं जिसमें बच्चों ने जमकर आनंद लिया. मेला समिति के द्वारा बताया गया है कि प्रतिवर्ष यह मेल एकदिवसीय था परंतु इस बार से मेले का समय बढ़कर तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया जाएगा.



# विशेषज्ञों की टीम करेगी मरीजों की जांच

**ब्यावरा 05 नवंबर, का.** लायंस क्लब ब्यावरा के द्वारा चिरायु मेडिकल एवं हॉस्पिटल भोपाल के सहयोग से आज स्थानीय राजगढ़ रोड पर वल्लभा परिसर में नि:शुल्क विशाल चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है. शिविर प्रात: 10 बजे से शाम 4.30 बजे तक रहेगा. शिविर में बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे, जो मरीज की जांच कर चिकित्सा उपलब्ध कराएंगे और निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की जाएगी.

**जांच भी होगी नि:शुल्क**– जांच की भी नि:शुल्क सुविधा रहेगी. जांच सुविधाओं में डिजिटल एक्सरे, सोनोग्राफी, ईको, ईसीजी, डायबिटीज की जांच, फेफड़ों की कार्य क्षमता का परीक्षण, आंखों की जांच, कैंसर रोग की जांच, हड्डी रोग, छाती एवं श्वास रोग, शिशु रोग, नाक कान गला रोग आदि की विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा जांच कर उपचार किया जाएगा. जटिल रोग एवं ऑपरेशन की जरूरत के मरीजों को आवश्यकता अनुसार शिविर स्थल से चिरायु मेडिकल अस्पताल भोपाल तक लाया जाएगा एवं उपचार पश्चात वापस तक छोड़ा जाएगा.

## वृद्ध पेंशनर से ठगी करने वाले धराए

**कुरावर 05 नवंबर, सं.** तीन दिन पूर्व एक वृद्ध पेंशनर को झांसा देकर ठगी करने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एल बंजारे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ आईपीएस सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए तकनीकी मदद से आरोपियों को धर दबोचा. पुलिस के अनुसार तीन दिन पहले फरियादी बाबूलाल शर्मा उम्र 90 वर्ष बैंक ऑफ इंडिया से पेंशन के 50 हजार रुपये निकाल कर अपने घर जा रहे थे तभी रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति

# खुजनेर अस्पताल में डॉक्टर पर हमला

नवभारत न्यूज

**खुजनेर 05 नवंबर, स.** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ड्यूटी के दौरान एक डॉक्टर के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने की घटना प्रकाश में आई है.

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार दोपहर राउंड पर गए डॉक्टर विशाल सिसोदिया के साथ प्रसूता महिला के परिजनों ने हमला कर मारपीट की. जिससे उनके सर में 20 टांके आये. जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर किया है.

जानकारी के अनुसार दोपहर 2.30 बजे के लगभग डॉक्टर सिसोदिया राउंड पर मरीज को देखने पहुंचे तो जच्चा वार्ड में



मरीज के परिजनों की भीड़ देखकर उन्हें बाहर जाने को कहा. इस पर प्रसूता महिला निवासी सेदरी थाना बोड़ा के पति, देवर और अन्य लोगों ने मिलकर डॉक्टर से अभद्रता करते हुए बुरी तरह मारपीट की. जैसे–तैसे डॉक्टर ने अपने आप को बचाकर पुलिस को सुचना दी. घटना से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया तथा स्टॉफ ने काम बंद कर दिया.

गौरतलब है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहले भी डॉक्टर के साथ मारपीट, विवाद की घटना हो चुकी है, लेकिन प्रभावी कार्यवाही के अभाव में इस तरह की घटनाएं हो रही है.

बताया जाता है कि अस्पताल में इतनी इस तरह की घटना होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन के जिम्मेदार या अन्य कोई अधिकारी देर शाम तक मौके पर नहीं पहुंचे. उधर डॉक्टर पर हमला करने वालों को पकड़कर जांच करने की बात कही जा रही है.



# धूल खा रहा लाखों का हाट बाजार

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 05 नवंबर, सं.** समीप ग्राम मऊ में प्रति मंगलवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार में सड़क किनारे मनमर्जी से लग रहे हैं फेरी सब्जी होटल इत्यादि की दुकान जिससे यातायात मैं बाधा उत्पन्न हो रही है वहीं वाहन चालकों को सता रहा है डर समय रहते प्रशासन जागरूक नहीं हुआ तो किसी दिन हो सकता है बड़ा हादसा क्योंकि उक्त सड़क से सारंगपुर की ओर से पडाना तलेन कुरावर इकलेरा शुजालपुर भोपाल इत्यादि शहरी व ग्रामीण अंचलों में आने वाले दो पहिया वाहन सहित दर्जन यात्री बस चार पहिया वाहन सहित अन्य छोटे बड़े लोडेड वहानो का इसी मार्ग से होकर निकलना होता है ऐसे में सारंगपुर की से आ रहे हैं वहान ढलान होने के कारण कहीं अनियंत्रित ना हो जाए नहीं तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है.

**यह बोले जिम्मेदार**

*हमारे द्वारा साप्ताहिक हाट बाजार में सड़क किनारे दुकान लगाने वाले लोगों को समझाइस दी गई लेकिन वह नहीं मान रहे हैं इस मामले में पडाना पुलिस चौकी में भी मौखिक रूप से सूचना दे दी गई है.*

**रईस मंसूरी सरपंच, ग्राम पंचायत मऊ**

## कार्रवाई ▶ 10 घंटे से अधिक बिजली देने पर कार्रवाई करने की हिदायत देने वाले अधिकारी नपे

# ...अंतत : सीएम ने बिजली अधिकारी को हटाया

**विद्युत कंपनी ने कृषि फीडर पर अधिक आपूर्ति देने पर वेतन काटने के दिये थे निर्देश**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 नवंबर, का. किसानों को 10 घंटे से अधिक बिजली की आपूर्ति देने पर कर्मचारियों का वेतन काटने की हिदायत देने वाले अधिकारी को अंतत: सीएम मोहन यादव ने आज हटा दिया है.**

उल्लेखनीय है कि विद्युत वितरण कंपनी (मध्य क्षेत्र) भोपाल के मुख्य महाप्रबंधक संचारण/संधारण ए के जैन ने दो दिन पूर्व एक आदेश जारी कर विद्युत वितरण केन्द्र के ऑपरेटर से लेकर जीएम तक को यह हिदायत दी थी कि अगर 10 घंटे से अधिक बिजली सप्लाई की तो उनका वेतन काटा जायेगा. अधिकारी की इस चैतावनी भरे आदेश की विभागीय स्तर पर तो आलोचना हो ही रही थी, विपक्ष ने भी इसको निशाने पर लिया था.

इस संबंध में आज नवभारत ने भी प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित किया था. मीडिया में उक्त आदेश सार्वजनिक हो जाने के बाद अंतत: आज सीएम मोहन यादव को पता लगने पर उन्होंने उक्त अधिकारी को तत्काल प्रभाव से अपने पद से हटा दिया है.

उक्त अधिकारी द्वारा यह आदेश दिया गया था कि यदि किसी माह में किसी कृषि फीडर पर 10 घंटे से अधिक बिजली दी जाती है तो संबंधित ऑपरेटर का एक दिन का वेतन काटा जायेगा. अगर यह गलती माह में दो बार हो गई तो कनिष्ठ यंत्री और अगर माह में सात दिन तक ऐसा हुआ तो जिले के महाप्रबंधक स्तर तक के अधिकारी का वेतन काटने की कार्यवाई की जाएगी.



**10 घंटे से अधिक बिजली दी तो कार्रवाई !**

कृषि फीडर पर अधिक आपूर्ति हुई तो जीएम तक का वेतन कटेगा

**विद्युत वितरण कंपनी ने अपने कर्मचारियों पर कसा शिकंजा**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 04 नवंबर, का. अगर 10 घंटे से अधिक बिजली की आपूर्ति की गई तो विद्युत वितरण केन्द्र के ऑपरेटर से लेकर जीएम तक का वेतन काटा जायेगा. यह चैतावनी विद्युत वितरण कंपनी ( मध्य क्षेत्र )भोपाल ने अपने एक आदेश के माध्यम से दी है. इसमें स्पष्ट उल्लेख है कि अगर किसानों को 10 घंटे से अधिक बिजली दी तो इसकी सजा कर्मचारियों को दी जायेगी.**

विद्युत वितरण कंपनी (मध्य क्षेत्र)भोपाल द्वारा जारी लिखित आदेश से कंपनी के कर्मचारी भी हतप्रभ है. उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि फीडरों पर निर्धारित समय 10 घंटे से भी कम बिजली मिल रही है. ऐसे में किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे है. दूसरी ओर विद्युत वितरण कंपनी मध्य क्षेत्र ने सोमवार को यह आदेश जारी किया है कि कृषि फीडरों पर यदि दस घंटे से अधिक की सप्लाई होना पाया जाता है तो संबंधित कर्मचारी, अधिकारी का वेतन काटने की कार्यवाई की जाएगी.

कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक संचारण/संधारण श्री ए के जैन के हस्ताक्षर से जारी आदेश में उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि किसी माह में किसी कृषि फीडर पर 10 घंटे से अधिक बिजली एक दिन दी जाती है तो संबंधित ऑपरेटर का एक दिन का वेतन काटा जायेगा. अगर यह गलती माह में दो बार हो गई तो कनिष्ठ यंत्री और अगर माह में सात दिन तक ऐसा हुआ तो जिले के महाप्रबंधक स्तर तक के अधिकारी का वेतन काटने की कार्यवाई की जाएगी.

11 के.व्ही. कृषि फीडरों पर स्थापित मीटरों पर समय इंटीग्रेशन अवधि 15 मिनट निर्धारित है जो कि मीटर की तकनीकि विशेषता है. इसके माध्यम से यह पता चल जाता है कि किस फीडर से किस दिन 10 घंटे से अधिक कितनी बिजली की सप्लाई की गई. इसी के माध्यम से कंपनी यह पता लगा लेगी कि इस माह में इस दिन इस फीडर पर 10 घंटे से अधिक बिजली दी गई.

**विद्युत की आपूर्ति अधिक न हो इसके लिये सख्ती**

विद्युत वितरण कंपनी (मध्य क्षेत्र)भोपाल के मुख्य महाप्रबंधक संचारण/संधारण ने यह चैतावनी दे दी है कि अगर माह में एक दिन गलती होगी तो इसे ऑपरेटर की गलती मानकर उसका वेतन काटा जायेगा. लेकिन अगर यह गलती बार बार दोहराई जाती है और माह में सात दिन तक 10 घंटे से अधिक बिजली किसानों को दी गई तो इसके लिये फिर कनिष्ठ अभियंता, उप महाप्रबंधक और महाप्रबंधक तक को जिम्मेंदार माना जाकर उनका वेतन भी काटा जायेगा.

**कम बिजली मिलने पर नहीं कोई कार्रवाई**

कृषि फीडरों पर दस घंटे से अधिक बिजली की आपूर्ति किए जाने पर जहां विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सख्त निर्देश जारी करते हुए कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश जारी किए गये है वहीं दूसरी और अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में दस घंटे से काफी कम 6 से 7 या फिर इससे भी कम समय के लिए बिजली मिल पा रही है. बिजली नहीं मिलने से पर्याप्त सिंचाई भी नहीं हो पा रही है. ऐसे में निर्धारित समय सीमा से कम बिजली मिलने पर कंपनी द्वारा संबंधितों पर कार्यवाही हेतु किसी तरह के दिशा निर्देश जारी नहीं किए गये है.

## सरकार के इरादे जाहिर किये अधिकारी ने



विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी द्वारा किसानों को 10 घंटे से अधिक बिजली देने पर कार्रवाई करने का आदेश देना सरकार के इरादों को जाहिर करता है. जिससे यह पता चलता है कि उक्त सरकार किसान हितेषी बताने की बाहरी नौटंकी करती है. उक्त बात जिला इंकाध्यक्ष और पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियवृत सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कही. उन्होंने कहा कि यह सभी को मालूम है कि किसानों को 10 घंटे भी बिजली नहीं मिल पाती है. अधिकारी के माध्यम से ऐसा आदेश जारी कर सरकार चाहती है कि किसानों को कम बिजली दे और दूसरे प्रदेशों को बिजली बेचकर भ्रष्टाचार करें. श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने मीडिया के दबाव में उक्त अधिकारी को तो हटा दिया लेकिन क्या वह यह आदेश जारी करेगी कि अगर किसानों को 10 घंटे से कम बिजली मिली तो संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई करेगी.

## कोहरा छाया, तापमान गिरा

**नवभारत न्यूज, पडाना 05 नवंबर, सं.** बुधवार पड़ाना सहित आसपास ग्रामीण अंचलों में सुबह 7 बजे तक कोहरा छाया रहा, जिससे तापमान में कमी आई है. कोहरे के कारण क्षेत्र का तापमान 20 डिग्री रहा. जो सामान्य से 6 से 10 डिग्री सेल्सियस तक अधिक चला जिससे सुबह और रात के समय ठंडक में हिज़ाफा हुआ. कोहरे से धनिए की फसल को नुकसान हुआ साथ ही सरसों रायडा इत्यादि फसल में कीड़ा लगने की संभावना देखी गई है. वहीं कोहरे का मानव जीवन पर सर्दी, खांसी और जुकाम जैसी बीमारियों का खतरे की आशंका बड़ी वहीं कोहरे के कारण यातायात में बाधा उत्पन्न हुई.